भावार्थ:-श्रीमद्भगवद्गीतां सम्यक् यथायथं पठित्वा अर्थभावेन ह्रदि निधानं मुख्यं कर्तव्यं, या हि स्वयं पद्मनाभेश्वरश्रीविष्णुमुखात् निस्सृता। एवं श्रीमद्भगवद्गीता मानवजीवनस्य सर्वासां समस्यानां समाधानं मन्यते। प्रत्येकं संस्कृत ग्रन्थं मानवकल्याणे महत्त्वपूर्णा भूमिका निर्वहति।

प्रीति
शास्त्री (द्वितीय वर्ष)

सदाचार:

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपु:।
नास्त्युद्यमसमो बन्धु: कृत्वा यं नावसीदति।। 1 ।।
श्व: कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वाह्णे चापराहिकम्।
नहि प्रतीक्षते मृत्यु कृतमस्य न वा कृतम् ।। 2 ।।
सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।
प्रियं च नानृतं ब्रूयात् एष: धर्म: सनातन:।। 3 ।।
सर्वदा व्यवहारे स्यात् औदार्य सत्यता तथा।
ऋजुता मृदुता चापि कौटिल्यं न कदाचन ।। 4 ।।
श्रेष्ठं जनं गुरूं चापि मातरं पितरं तथा।
मनसा कर्मणा वाचा सेवेत सततं सदा।। 5 ।।
मित्रेण कलहं कृत्वा न कदापि सुखी जन:।
इति ज्ञात्वा प्रयासेन तदेव परिवर्जयेत् ।। 6 ।।

स्वाति
शास्त्री (तृतीय वर्ष)

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपु:। नास्त्युद्यमसमो बन्धु: कृत्वा यं नावसीदति।।

हिन्दी-मनुष्य के शरीर में रहने वाला आलस्य ही मनुष्य का सबसे महान् शत्रु होता है तथा परिश्रम जैसा कोई मित्र नहीं होता, क्योंकि परिश्रम करने वाला व्यक्ति कभी दु:खी नहीं होता, जबकि आलस्य करने वाला व्यक्ति सदैव दु:खी रहता है।

राकेश शर्मा
शास्त्री (तृतीय वर्ष)

हास्य कणिका:

न्यायधीश:-भो: ! किं त्वं जानासि, यदि असत्यं वक्ष्यसि तर्हि कुत्र गमिष्यसि ?
अपराधी - आम् श्रीमन्। नरकं गमिष्यामि।
न्यायधीश: - अथ चेत् सत्यं वक्ष्यसि तर्हि ?
अपराधी - कारागारं गमिष्यामि श्रीमन्।

गुरू: (छात्रान् प्रति) – यदि अत्र देव: प्रत्यक्ष: भवेत् तर्हि भवन्त: किं – किं प्रार्थयेयु: ?
प्रथम: छात्र: - अहं तु धनं प्रार्थयिष्यामि।
द्वितीय: छात्र: - अहं तु गृहं प्रार्थयिष्यामि।
तृतीय: छात्र: - अहं तु प्रभुत्वं प्रार्थयिष्यामि।
गुरू: - भवन्त: सर्वे मुर्खा: सन्ति। अहं तु विद्या बुद्धिं च प्रार्थयिष्यामि।
छात्रा: - यस्मिन् यत् नास्ति तद्व स: प्रार्थयति, गुरूवर्य।

पति: (उच्चै:, पत्नीं प्रति) – मम स्नानाय उष्णं जलं शीघ्रम् आनय, अन्यथा .....।
पत्नी (सक्रोधम्) –अन्यथा भवान् किं करिष्यति।
पति:(सस्मितम्) – किं करिष्यामि ? शीतलजले एव स्नानं करिष्यामि।

मातुल: (श्रीधरं प्रति)-वत्स, त्वं कथं न स्वाध्यायं करोषि ? किं त्वं जानासि यत् पं. जवाहरलाल नेहरू यदा तव वयसि आसीत् तदा स: स्वकक्षायां प्रथमं स्थानं प्राप्नोति स्म ?
श्रीधर – जानामि मातुल! जानामि , पं. जवाहरलाल नेहरू यदा भवत: वयसि आसीत् तदा स: भारतदेशस्य प्रधानमन्त्री आसीत्।

जनक: (अङ्कपत्रं दृष्ट्वा सक्रोधं पुत्रं प्रति) – धिक् वत्स, किमिदम् ? आंग्लभाषायां षड्त्रिंशत् (३६), गणितविषये पञ्चत्रिंशत् (३५), विज्ञानविषयेऽपि पञ्चत्रिंशत् (३५), हिन्दीभाषायां सप्तत्रिंशत् (३७) अङ्का: त्वया लब्धा:। धिक् त्वां धिक् !
माता (पतिं प्रति) – स्वामिन् ! इदं पुत्रस्य अङ्कपत्रं नास्ति। इदं तु भवत: अङ्कपत्रम् अस्ति । इदं मया भवत: पेटिकायां प्राप्तम्।

एकदा त्रय: जना: (अमेरिकादेशीय:, नाइजीरियादेशीय:, अन्यदेशस्य ईर्ष्यालवश्च)–भगवत: शिवस्य तपस्याम् अकुर्वन्। तेषां तपसा प्रसन्नो भूत्वा शिव: प्रत्यक्ष: अभवत् अकथयत् च -पुत्र वरं वरय–
प्रथम:-भगवन् , धनं ददातु।
शिव:-तथास्तु।
द्वितीय:-भगवन्, मह्यं गौरवर्णं ददातु।
शिव:-तथास्तु।
तृतीय:-(प्रथमस्य द्वितीयस्य च धनं रूपं च दृष्ट्वा ईर्ष्यावशात्)– भगवन् , प्रथमं द्वितीयं च पूर्ववत् करोतु।

हरि ओम् हरि ओम्
पति:-हरि ओम् भोजने किमस्ति अद्य ?
पत्नी–विषम्।
पति:-अहं विलम्बेन आगमिष्यामि त्वं खादित्वा शयनं कुरू।

भगत राम
शास्त्री तृतीय वर्ष

एकः काकः तृषापीडितः!

एकः काकः तृषापीडितः
जलं नालभत दूरे दूरे।
वृक्षाद् वृक्षं गतः वराकः
ग्रामे ग्रामे नगरे नगरे ॥ 1 ॥
एकं सहसा घटं दृष्टवान्
घटे जलं दृष्टं बहुदूरे।
खण्डं खण्डं पाषाणानां
क्षिप्तवान् काकः जलमध्ये ॥ 2 ॥
घटकण्ठं सम्प्राप्तं नीरं
पीत्वा सन्तुष्टः खलु काकः।
बुद्धिपूर्वकं यत्नं कुरुते
वद न सफलतां लभते का ? कः? ॥ 3॥

कुसमा
शास्त्री अंतिम वर्ष

श्लोक संस्कृत

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः।
नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति ।।

अर्थात : मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु आलस्य होता है, और परिश्रम सच्चा मित्र होता है। क्योंकि परिश्रम करने वाला कभी दुखी नहीं हो सकता।

येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।
ते मर्त्यलोके भुविभारभूता मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति।।

अर्थात : जिस मनुष्यों में विद्या का निवास है, न मेहनत का भाव, न दान की इच्छा और न ज्ञान का प्रभाव, न गुणों की भिव्यक्ति और न धर्म पर चलने का संकल्प, वे मनुष्य नहीं वे मनुष्य रूप में जानवर ही धरती पर विचरते हैं।

सुखार्थी त्यजते विद्यां विद्यार्थी त्यजते सुखम्।
सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम् ।।

अर्थात : सुख चाहने वाले को विद्या और विद्या चाहने वाले को सुख त्याग देना चाहिए। क्योंकि सुख चाहने वाले को विद्या नहीं मिल सकती और विद्या चाहने वाले को सुख कहाँ।

सुनीता ठाकुर
शास्त्री अंतिम वर्ष

हास्य कणिका:

जानासि त्वं सर्वे जनाः मम। जनकस्य अग्रे शिरः नमन्ति ?
सुधीर ! किं तव पिता प्रधानमन्त्री अस्ति ?

कवेः पत्नी निद्राधीना आसीत् तस्याः पादस्य समीपं एकः सर्पः उपविशन् आसीत्।
कविः - दर्शतु दर्शतु! शीघ्र दर्शतु।
सर्पः - गच्छ
मूर्खः ! चरणवन्दना कुर्वन् अस्मि ।
एषा अस्माकं कुलदेवी अस्ति!!!

पूनम कुमारी
शास्त्री अंतिम वर्ष

अद्भुत स्वप्न ?

मम् अद्तं स्वप्नं,
सिंहो वदति म्याऊं-म्याऊं
हस्ति धावति यथा चित्रकः
सर्पः वदति भौं-भौं-भाऊं।
भल्लूकः दुर्बलः तथा यत्
यथा चमरपुच्छा संजातः।
मूषकभीता धावति मार्जारी
शशकः धावति शृंगयुतः।

शालिनी
शास्त्री अंतिम वर्ष

सुभाषितानि!

पृथिव्यां त्रीणि रत्नानि जलमन्नं जलमन्न सुभाषितम्।
मूढै: पाषाणखण्डेषु रत्नसंज्ञा विधीयते।।1।।
सत्येन धार्यते पृथ्वी सत्येन तपते रवि:।
सत्येन वाति वायुश्च सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम्।।2।।
दाने तपसि शौर्ये च विज्ञाने विनये नये।
विस्मयो न हि कर्त्तव्यो बहुरत्ना वसुन्धरा।।3।।
सद्भिरेव सहासीत सद्भिः कुर्वीत सङ्गतिम्।
सद्भिर्विवादं मैत्रीं च नासद्भि: किञ्चिदाचरेत्।।4।।
धनधान्यप्रयोगेषु विद्याया: संग्रहेषु च।
आहारे व्यवहारे च त्यक्तलज्ज सुखी भवेत्।।5।।

अंजना देवी
शास्त्री अंतिम वर्ष

सुभाषितानि

नास्ति विद्यासमं चक्षुः नास्ति सत्यसमं तपः।
नास्ति रागसमं दुःखं नास्ति त्यागसमं सुखम्॥
त्यजन्ति मित्राणि धनैर्विहीनं पुत्राश्च दाराश्च सुहृज्जनाश्च।
तमर्शवन्तं पुराश्रयन्ति अर्थो हि लोके मनुषयस्य बन्धुः॥
अहो दुर्जनसंसर्गात् मानहानिः पदे पदे।
पावको लौहसंगेन मुद्गरैरभिताड्यते॥
स्वभावो नोपदेशेन शक्यते कर्तुमन्यथा।
सुतप्तमपि पानीयं पुनर्गच्छति शीतताम्॥
विकृतिं नैव गच्छन्ति संगदोषेण साधवः।
आवेष्टितं महासर्पैश्चनदनं न विषायते॥
आलसस्य कुतो विद्या अविद्यस्याः कुतो धनम्।
अधनस्य कुतो मित्रं अमित्रस्य कुतो सुखम्।।
अपूर्व कोपि कोशोऽयं विद्यते तव भारति।
व्ययतो वृद्धमायाति क्षयमायाति संचयात्॥

मधुबाला
शास्त्री अन्तिम वर्ष

सदाचारः!

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान्रिपुः।
नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति।।1।।
श्वः कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वाह्णे चापराहिकम्।
नहि प्रतीक्षते मृत्यु: कृतमस्य न वा कृतम्।।2।।
सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात्सत्यमप्रियम्।
प्रियं च नानृतं ब्रूयात्एष धर्म: सनातन:।।3।।
सर्वदा व्यवहारे स्यात्त् औदार्य सत्यता तथा।
ऋजुता मृदुता चापि कौटिल्यं न कदाचन।।4।।
श्रेष्ठ जन गुरुं चापि मातरं पितरं तथा।
मनसा कर्मणा वाचा सेवेत सततं सदा।।5।।
मित्रेण कलहं कृत्वा न कदापि सुखी जनः।
इति ज्ञात्वा प्रयासेन तदेव परिवर्जयेत्।।6।।

अंजली
शास्त्री अंतिम वर्ष



अमृतं संस्कृतम्

विश्वस्य उपलब्धासु भाषासु संस्कृत भाषा प्राचीनतमा भाषा अस्ति। भाषेयं अनेकाषां भाषाणां जननी मता। प्राचीनयो: ज्ञानविज्ञानयो: निधि: अस्यां सुरक्षित:। संस्कृतस्य महत्वविषये केनापि कथितम्- "भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा।" इयं भाषा अतीव वैज्ञानिकी। केचन कथयन्ति यत् संस्कृतमेव सङ्गणकस्य कृते सर्वोतमा भाषा। अस्या: वाङ्मयं वेदै,पुराणै,नीतिशास्त्रै: चिकित्सा शास्त्रादिभिश्च समृद्धम्अस्ति। कालिदासादीनांविश्वकवीनांकाव्यसौन् दर्यम्अनुपमम्। कौटिल्य रचितम् अर्थशास्त्रंजगति प्रसिद्धमस्ति। गणित शास्त्रे शून्यस्य प्रतिपादनं सर्वप्रथमम् आर्यभट्टेन कृतम अकरोत्। चिकित्सा शास्त्रे चरक सुश्रुतयो: योगदानं विश्वप्रसिद्धम्। संस्कृते यानि अन्यानिशास्त्राणिविद्यन्ते तेषु:- वास्तुशास्त्रं, रसायनशास्त्रं, खगोलविज्ञानं, ज्योतिष शास्त्रं विमान शास्त्रं इत्यादीनि उल्लेखनीयानि।

संस्कृते विद्यमाना: सूक्तय:अभ्युदयायप्रेरयन्ति,यथा:- सत्यमेव जयते, वसुधैव कुटुंबकम्,विद्ययाऽमृतमश्नुते,योग:कर्म सुकौशलम् इत्यादय। सर्वभुतेषु आत्मवत्व्यवहारं कर्तुं संस्कृत भाषा सम्यक्शिक्षयति।

केचन कथयन्ति यत् संस्कृतभाषायां केवलं धार्मिकं साहित्यंवर्तते-एषा धारणा समीचीना नास्ति। संस्कृत-ग्रन्थेषु मानव जीवनायविविधा: विषया: समाविष्टा: सन्ति। महापुरुषाणांमति:, उत्तम जनानांधृति: समान्य जनानां जीवनपद्धत: च वर्णिता: सन्ति । अत: अस्माभि: संस्कृतम् अवश्यमेव पठनीयम्। तेन मनुष्यस्य समाजस्यच परिष्कार: भवेत्।

उक्तञ्च:-

अमृतं संस्कृतंमित्र!
सरसंसरलंवच: ।
भाषासुमहनीयंयद्
ज्ञानविज्ञानपोषकम्।।

लुकेश कुमार
शास्त्री तृतीय वर्ष

"गीता सुगीता कर्तव्या"

श्रीमद्भगवद् गीता महाभारतं इत्यनेन नामधेयेन सुप्रथितस्य विशाल कलेवरस्य महाग्रन्थस्य सारतमो अश:। साश्लोकानां सप्तशत्या नि:-श्रेयसाधि-गमनस्योपायान् सुबोधायां भाषायामभिव्यनक्ति। तदीया वस्तु प्रकथनप्रणाली सरला अस्ति तस्मात् सामान्यज्ञानसम्पन्नों अपि जनोअन्तरेणाधिकमायासं तामवोद्वमर्हति किञ्च सकलमपि प्रपञ्चपरि च्छदमुपेक्ष्यानेन गीताराजमार्गेण स्वकीयं प्राप्तव्यमास्पदमासादयितुं शक्नोति गीतायामुदेश्यकथनमिदं वर्तते।

गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यै: शास्त्रविस्तरै:।
या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपदाद् विनि: सृता।।

अर्थातः - श्रीमद्भगवदगीतां सम्यक् प्रकारेण पठित्वा भाव सहितार्था: अन्त:करणे धारणं मुख्यं: कर्तव्यं वर्तते यत् स्वयं श्रीपद्मनाभविष्णोः मुखार- विन्दात् निष्पन्ना वाणी वर्तते। गीताया: शिक्षेयं यन्मानवो भगवन्तं स्मरन् स्मस्तान्यपि धार्मिकाणि सामाजिकानि कर्माणि च कुर्वन् यथावत् संसारे-समरे युध्येत। शास्त्राणि सर्वाणि यत् किमप्युपदिशन्ति तदेव गीता सरलं सरसं सारभूतञ्च विधाय प्रस्तौति।

तीर्थ रामः
शास्त्री तृतीय वर्ष

मङ्गलपद

अयं निज: परो वेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैवकुटम्बकम्।।

संस्कृत भाषा विश्वस्य प्राचीनतमा भाषा अस्ति। अस्य व्याकरणं सम्यक् परिष्कृतं शुद्धमर्थाद् दोषरहितं व्याकरणेन संस्कारितं वा यत्तदेव संस्कृतम्।

एवञ्च सम् उपसर्गपूर्वकं डुकृञ् करणे धातो: क्त प्रत्यये सति निष्पन्नो अयं शब्द संस्कृतभाषेति नाम्ना सम्बोध्यते।

सैव देवभाषा,देववाणी,अमरवाणी, गीर्वागित्यादिभिर्नामभि: कथ्यते। इयमेव भाषा सर्वासां भारतीयभाषाणां जननी भारतीय संस्कृते प्राणस्वरूपा भारतीय घर्म दर्शनादिकानां प्रसारिका सर्वास्वपि विश्वभाषासु प्राचीनतमा सर्वमान्या च मन्यते।

अस्माकं समस्तमपि प्राचीनं साहित्यं संस्कृतभाषायामेव रचितमस्ति समस्तमपि वैदिकसाहित्यं, रामायणं-महाभारतं, पुराणानि, दर्शन ग्रन्था:, स्मृतिग्रन्था:, काव्यानि, नाटकानि, गद्यलिखिता: प्राप्यन्ते। गणितं, ज्योतिषं, काव्यशास्त्रमायुर्वेद:, अर्थशास्त्रं, राजनीतिशास्त्रं, छन्दशास्त्रं, ज्ञान-विज्ञानं तत्वजातमस्यामेव संस्कृतभाषायां समुपलभ्यते। अनेन संस्कृतभाषाया: विपुलं गौरवं स्वयमेव सिध्यति।

संजय
शास्त्री अंतिम वर्ष

संस्कृत भाषाया: महत्वम्

वाणी रसवती यस्य यस्य श्रमवती क्रिया।
लक्ष्मी: दानवती यस्य सफलं तस्य जीवितो।।
संस्कृतम् जगत: अति प्राचीना समृद्धा शास्त्रीया च भाषा वर्तते।
संस्कृतम् भारतस्य जगत:च भाषासु प्राचीनतमा।
संस्कृता वाक् भारती सुरभारती, अमर भारती, अमरवाणी, सुरवाणी, गीर्वाणवाणी, गीर्वाणी, देववाणी, देवभाषा, देवी भाषा, इत्यादिभि: नामभि: एतद्भाषा प्रसिध्दा।
भारतीय भाषासु बाहुल्येन संस्कृतशब्दा: उपयुक्ता:।
संस्कृतात् एव अधिका भारतीयभाषा उद्ता:।
तावदेव भारत यूरोपीय, भाषावर्गीया: विविधभाषा: संस्कृत प्रभाव संस्कृत शब्द प्राचुर्यं च प्रदर्शनयन्ति।
व्याकरणेन सुसंस्कृता भाषा जननांग संस्कार प्रदायिनी भवति।
अष्टाध्यायी इति नाम्नि महर्षि पाणिने: विचरना जगत: सर्वासां भाषाणाम् व्याकरण ग्रन्थेषु अन्यतमा वैयाकरणानां भाषाविदां भाषाविज्ञानिनां च प्रेरणास्थानं वर्तते।
संस्कृतवाङ्मयं विश्ववाङ्मये स्वस्य अद्वितीयं स्थानं अलङ्करोति।
संस्कृतस्य प्राचीनतम ग्रन्था: वेदा: सन्ति।
वेदशास्त्र, पुराणे, इतिहास, काव्य, नाटक, दर्शनादिभि: अनन्तवाङ्मयरूपेण विलसन्ति।
एषां वाक् न केवल घर्म, अर्थ, काम, मोक्षात्मका: चतुर्विधपुरूषार्थहेतु भूता: विषया: अस्या: साहित्यस्य शोभां वर्धयन्ति अपितु धार्मिक, नैतिक, अध्यात्मिक, लौकिक, पारलौकिक विषयै: अपि सुसम्पन्ना इयं देववाणी।

संजय
शास्त्री अंतिम वर्ष

हिन्दीविभागस्य सम्पादक:

Editor of Hindi Department

प्रो. वन्दना कुमारी

सम्पादकीय

प्रिय विद्यार्थियों

आप सभी को महाविद्यालय की पत्रिका शैली मंजरी का एक लंबे अंतराल के बाद पुनः संस्करण प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं। इस पावन पुस्तिका को आप को सौंपते हुए मुझे अत्यंत हर्षानुभूति हो रही है। मैं अपने आप को बहुत भाग्यशाली समझती हूं कि महाविद्यालय की पत्रिका के पुनःसंस्करण प्रकाशन में अपना सहयोग दे सकी। हर विद्यार्थी में कुछ न कुछ प्रतिभा छिपी होती है। यह पत्रिका विद्यार्थियों की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने का एक छोटा सा माध्यम है। यदि जीवन की शुरुआत आप एक छोटे मुकाम परंतु दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के साथ करते हैं, तो जीवन में कोई आपको अपने लक्ष्य तक पहुंचने से नहीं रोक सकता। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में एक सुनिश्चित एवं उन्नत लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। बिना किसी लक्ष्य के जीवन पशु तुल्य है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए लगन, कड़ी मेहनत और सतत् प्रयास की आवश्यकता है। लक्ष्य को आंखों में बसाकर अर्जुन ने मछली की आंख को भेदने में सफलता पाई थी। शिक्षा का क्षेत्र हो या कोई अन्य, दृष्टि लक्ष्य पर हो तो आपके जीवन में सफलता का सूर्योदय आवश्यक होगा।

प्यारे बच्चों आपको जीवन में आने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों को भी समयानुसार ढालकर उन्हें अपने अनुकूल बनाना सीखना होगा, हर चुनौती का धैर्य के साथ सामना कर अपने महाविद्यालय, अपने क्षेत्र व अपने देश का नाम रोशन करना है। वर्तमान जीवन शैली की जटिलता को देखते हुए आपको पहाड़ों को चीरने व दरिया को मोड़ने वाली ताकत अपने आप में भरनी है। इसीलिए बार-बार यह कहती हूं-

हम दरिया हैं, हमें अपना हुनर मालूम है
जहां भी हम जाएंगे, रास्ता खुद ब खुद बन जाएगा

प्रिय विद्यार्थियों एक बात से आप सब को अवगत करवाना मै अति आवश्यक समझती हूं जो व्यक्तित्व विकास के मूल रूप में व प्रथम पंक्ति में होना चाहिए वह है व्यक्ति का चरित्र। प्यारे बच्चों, अपने लक्ष्य से पूर्व अपने चरित्र का निर्माण सकारात्मक दिशा में करें। एक सच्चरित्र आपको सकारात्मक ऊर्जा से भर देगा। अपनी सभ्यता, अपनी संस्कृति के नैतिक मूल्य जिनका दिन प्रतिदिन पतन होता जा रहा है। उन्हें प्राथमिकता के साथ अपने चरित्र में, अपने व्यवहार में स्थान दें क्योंकि अपनी सभ्यता, अपनी संस्कृति व उनसे जुड़े मूल्य का सरंक्षण करना हमारा परम धर्म ही नही अपितु हमारा परम कर्तव्य भी है। आप भले ही एक बड़े आदमी न बन पाए, पर एक अच्छे मानव बनने का प्रयास जरूर करना। सत्य, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठता, निष्पक्षता, दृढ़ता, साहस, धैर्य और आत्म नियंत्रण जैसे गुणों को अपने व्यक्तित्व का अभिन्न अंग बनाएं। यह गुण आपको आंतरिक शक्ति व आत्मसम्मान प्रदान करेगा जिन की तपिश आपको जीवन भर सकारात्मक ऊर्जा देने का कार्य करेगी वह आपको जीवन में कभी भी असफल नहीं होने देगी। वर्तमान में इन गुणों का ह्रास हो रहा है, इसलिए अनायास ही मुख से यह पंक्तियां प्रस्फुटित हो उठती है :

सब कुछ हो रहा है ,
इस तरक्की के जमाने में,
पर गजब देखिए ....
आदमी इंसान नहीं बन पा रहा है

वंदना कुमारी
सहायक आचार्या
हिन्दी

हे ईश्वर!

कभी ये हिमालय पीने के पानी के लिए तरसता रहा,
आज कई जानें इस पानी से गई लेकिन मौसम बेधड़क बरसता रहा।
इसे करिश्मा कहूँ या अपने-अपने भाग्य की रेखा,
हर तरफ सड़क, खेत, घर बिखरे पड़े है। जहां भी मैने नजर घुमाकर देखा।।
क्या मेरा यही कसूर है जो एक आशियाना मजदूरी करके परिवार के लिए बनाया,
आपने बरसात का नाम देकर उसे जो एक पल भर मे पानी के साथ बहाया।।
अब न कुछ करने की न जीने की तमना है क्या करूँ सामने नजर एक लाचार परिवार का साया आता है,
हौसला तो अब कायम कर दूँ पर आपके सिवाय किस पर विश्वास करूँ यह समझ नही आता है।।
प्रभु आपके विश्वास का फल ऐसा क्यों मिला जो आपका दिया हुआ था वही मुझे छीन लिया,
अगर छीनना ही था तो मुझे छीन लेते कम से कम मेरे परिवार का आशियाना तो ऐसे रहने दिया होता।।

लुकेश कुमार
शास्त्री अंतिम वर्ष

मेरी दुनिया पिता

जिंदगी का पहला हीरो और आखिरी दोस्त
होता है पिता, हर खुशी का खज़ाना होता है पिता।
अपने हर दु:खों को भुलाकर
हमारी खुशी में शामिल होता है पिता।
जिंदगी के हर लम्हे को खास बनाता है पिता।

हर छोटी-बड़ी ख्वाइशों को पूरा करता है पिता।
हमारी निराशा को आशा में बदलता है पिता।
हमारे सपनों के लिए अपने सपनों को छोड़ देता है पिता।
हमें खुश देखने के लिए हर गम अकेले पी जाता है पिता।

जिसके बिना हर त्यौहार सूना
जिसके बिना हर खुशी अधूरी
जिसके बिना होती नहीं मेरी दुनिया पूरी
वो है मेरे प्यारे पिता।

जो हमें खुश रखने के लिए अपने सारे दु:ख छुपाते हैं,
खुद भूखे रहते हैं पहले हमे खिलाते हैं,
मत करना यारो अपमान कभी उस इन्सान का,
क्योकि धरती पर भगवान का साया
माता-पिता कहलाते हैं।

भगत राम
शास्त्री अंतिम वर्ष

प्राचीन भाषा-संस्कृत

जानकारी हासिल करना मनुष्य का जन्म से ही स्वभाव रहा है। यही कारण है कि आज हमारे सामने इतने अविष्कार हो चुके है कि हमारा जीवन बहुत सरलता से निकल रहा है। लेकिन किसी भी कार्य के लिए सबसे ज्यादा जरूरी चीज होती है भाषा।

बिना भाषा के हमारा किया कोई भी कार्य हम दूसरे को नही बता सकते। आज दुनिया भर में 6900 भाषाओं का प्रयोग किया जाता है। इन सभी भाषाओं की जननी है संस्कृत भाषा।

संस्कृत भाषा दुनिया की सबसे पुरानी भाषा है। इसे देववाणी अथवा सुरभारती भी कहा जाता है। इस भाषा के वर्ण (letters) ऋषि मुनियों द्वारा गहरे ध्यान के बाद इस दुनिया को प्राप्त हुए । माना जाता है कि महर्षि पाणिनि शिव जी के बहुत बड़े भक्त थे। पाणिनि जी की आराधना से प्रसन्न होकर भगवान शिव जी ने डमरू बजाकर तांडव नृत्य किया। उसी डमरू के शब्दों को सुनकर महर्षि पाणिनि ने व्याकरण के अष्टाध्यायी नामक ग्रंथ की रचना की। महृषि पाणिनी के द्वारा लिखे संस्कृत व्याकरण का अनुसरण कर ही दुनिया भर के अन्य भाषाओं का व्याकरण निर्मित हुआ है। महर्षि पाणिनि जी को संस्कृत भाषा का जनक भी माना जाता है।

संस्कृत भाषा दुनिया की सबसे पुरानी उल्लिखित भाषाओं में से एक है। संस्कृत में हिन्द धर्म से संबंधित लगभग सभी ग्रंथ लिखे गए है। बौद्ध धर्म तथा जैन धर्म के भी कई महत्वपूर्ण ग्रंथ संस्कृत में लिखे गए हैं। संस्कृत को विश्व की अन्य भाषाओं की जननी माना जाता है । दुनिया भर में सिर्फ संस्कृत ही एक ऐसी भाषा है जो पूरी तरह सटीक (accurate) है। इसका कारण है इसकी सर्वाधिक शुद्धता। कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के लिए भी संस्कृत को ही सबसे उपयुक्त भाषा माना गया है।

मात्र 3000 वर्ष पूर्व तक भारत में संस्कृत भाषा बोली जाती थी तभी तो ईसा से 500 वर्ष पूर्व महर्षि पाणिनी ने दुनिया का पहला व्याकरण ग्रंथ लिखा था, जो संस्कृत का था। इसका नाम 'अष्टाध्यायी ' है। संस्कृत विश्व की सबसे पुरानी पुस्तक (ऋग्वेद) की भाषा है। इसीलिए इसे विश्व की प्रथम भाषा मानने में कहीं किसी संशय की संभावना नहीं है। संस्कृत केवल एक मात्र भाषा नहीं है अपितु संस्कृत एक विचार है, संस्कृत एक संस्कृति है, एक संस्कार है। संस्कृत में विश्व का कल्याण है, शांति है, सहयोग है, वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना है।

Nasa का कहना है कि 6th और 7th generation super computers संस्कृत भाषा पर आधारित होंगे । कहा जाता है कि अरबी भाषा को कंठ से और अंग्रेजी को केवल होंठो से ही बोला जाता है किंतु संस्कृत में वर्णमाला को स्वरों की आवाज के आधार पर कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग, अंत:स्थ और ऊष्म वर्गों में बांटा गया है।

संस्कृत वाक्यों में शब्दों को किसी भी क्रम में रखा जा सकता है। इससे अर्थ का अनर्थ होने की बहुत कम या कोई संभावना नहीं होती। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि सभी शब्द विभक्ति और वचन के अनुसार होते हैं। जैसे -अहं गृहं गच्छामि अथवा गच्छामि गृहं अहं दोनों ही ठीक है। Nasa के वैज्ञानिकों के अनुसार जब वो अंतरिक्ष ट्रेवलर्स को मैसेज भेजते थे तो उनके वाक्य उलट हो जाते थे। इस वजह से मैसेज का अर्थ ही बदल जाता था। उन्होंने कई भाषाओं का प्रयोग किया लेकिन हर बार यही समस्या आई। आखिर में उन्होंने संस्कृत में मैसेज भेजा क्योंकि संस्कृत के वाक्य उलटे हो जाने पर भी अपना अर्थ नहीं बदलते।

प्रत्येक भारतीय को संस्कृत भाषा का अध्ययन अवश्य करना चाहिए और यत्न करना चाहिए कि भविष्य में संस्कृत भाषा राष्ट्र भाषा बने तभी हम भारत के भाषा संबंधी प्रान्तीयता आदि के कलह को दूर भगा सकते है और तभी हम संसार से सच्ची विश्वशान्ति की स्थापना कर सकते है।

पल्लवी
शास्त्री अंतिम वर्ष

समय का महत्त्व

समय के महत्त्व को है सभी ने जाना,
किसी ने इसको शुरू से माना,
किसी ने बाद में पहचाना।
जो भी करता समय बर्बाद,
बाद में समय उसको कर देता बर्बाद,
और वह जीवन भर रह जाता है बेकार
जिसने समय के महत्त्व को जाना,
उसका जीवन बन गया है सुहाना,
बूंद बूंद से भरती गागर,
समय नियोजन से बनता है जीवन।
पानी की लहरें करती नहीं किसी का इंतज़ार
समय भी कभी ठहरता नहीं किसी के द्वार,
समय नियोजन है ज़रूरी,
इससे ही होगी हमारी अभिलाषा पूरी।
करता जो समय बर्बाद,
हो जाते हैं बुरे उसके हालात,
जिसने किया समय पर काम,
उसका जीवन हो गया साकार।
किया जिसने समय का वेस्ट,
टल गया उसके जीवन का टेस्ट,
बड़े बड़े नेताओं ने भेद समय का जाना,
तभी सब लोगों ने उन्हें है पहचाना।
कैसे कर पाएंगे आज का विद्यार्थी,
देश का प्रतिनिधित्व,
जब खतरे में पड़ जाएगा,
स्वयं उसका अपना ही अस्तित्व।
अगर वह करेगा समय नियोजन,
तभी पढ़ लिखकर बनेगा समझदार,
और देश का बनूंगा आधार।
समय नियोजन है बहुत ज़रूरी,
इसके बिना हर बात है अधुरी।

आरती ठाकुर
शास्त्री तृतीय वर्ष

प्रकृति और मनुष्य के बीच बहुत गहरा संबंध

प्रकृति और मनुष्य के बीच गहरा संबंध है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। मनुष्य के लिए धरती उसके घर के आंगन, आसमान छत, सूर्य-चाँदू तारे दीपक, सागर-नदी-पानी के मटके और पेड़-पौधे आहार के साधन है। इतना ही नहीं, मनुष्य के लिए प्रकृति से अच्छा गुरु नहीं है।आज तक मनुष्य ने जो कुछ हासिल किया वह सब प्रकृति से ही सीखकर किया है। प्रकृति हमें महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाती है। जैसे: पतझड़ का मतलब पेड़ का अन्त नहीं है और जैसे कि पुराणों में कहा भी गया है कि जो मनुष्य नए वृक्ष लगाता है, वह स्वर्ग में उतने ही वृक्षों तक फलता-फूलता है, जितने वर्षो तक उसके द्वारा लगाए गए वृक्ष फलते-फूलते हैं।

सुनैना
प्राक् शास्त्री द्वितीय वर्ष

धरती माँ पुकारे त्राहि माम

धरती माँ का चिरा सिना तूने,
फिर भी इस माँ ने तुझे फल दिए फूल दिए दिया अन्न।
पेड़ों को काटा तूने फिर भी,
दी ठण्डी हवा और शुद्ध वातावरण।
प्रकृति थी ईश्वर ने बनाई तेरे लिए,
जल, हवा, अग्नि, वायु और खुला आसमान।
तुझको रास न आया ये शुद्ध वातावरण,
तूने तहस- नहस किया सब कुछ सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए।
अब देख प्रकृति का तांडव हिल उठे पहाड़,
कांप उठी धरती फट रहा है आसमान।
देख मंजर, दहला तो होगा दिल तेरा इंसान,
ये देने वाली है, इसने तुझे सब कुछ दिया।
अब भी वक़्त है तू संभल जा, तू संभल जा हे इंसान,
धरती माँ पुकार रही त्राहि माम त्राहि माम।

नेहा
प्राक शास्त्री द्वितीय वर्ष

बचपन

सबसे प्यारा क्या है बचपन
निडर बेखौफ है ये बचपन
सबसे कीमती है ये बचपन
बीत जाता है ये बचपन
याद आता है ये बचपन
मां की गोद में खिलता है ये बचपन,
पिता के कंधो पर झूल जाता है ये बचपन,
चांद सितारों मे खोया रहता है बचपन,
जानें कहां खो जाता है ये बचपन
क्यों याद आता है ये बचपन।

पूनम कुमारी
शास्त्री अंतिम वर्ष

कोशिश कर

कोशिश कर, हल निकलेगा,
हर मुशकिल, का हल निकलेगा।
अर्जुन सा लक्ष्य रख, निशाना लगा,
मरुस्थल से भी, फिर जल निकलेगा।
मेहनत कर, पौधो को पानी दे,
ताकत जुटा, हिम्मत को आग दे।
सीने मे उम्मीदो, को जिंदा रख,
समंदर से भी, गंगाजल निकलेगा।
कोशिशें जारी रख, कुछ कर गुजरनें की,
जो कुछ थमा थमा है, चल निकलेगा।
कोशिश कर, हल निकलेगा,
आज नहीं तो, कल निकलेगा।

सुमन कुमारी
प्रथम वर्ष

कोरोना

पूरी दुनिया हिला दी एक वायरस ने सभी यह देखकर हैरान थे कौन बड़ा, कौन छोटा सभी कमरों में बंद और परेशान थे। आजादी आजादी करने वालों के मुंह पर चुप्पी छाई थी इस बार सब को कैद करने की प्रगति ने मुहर लगाई थी कुछ के लिए आराम तो कुछ के लिए फैमिली होलीडे। गरीब बेचारा पिस गया जिसका हर सूरज भूखे पेट भर रहा था , जहां देखो कोई डरा सहमा नजर आ रहा था, जहां देखो हर कोई डरा सहमा घूम रहा था, मुंह पर कपड़ा बांधे हुए जैसे कोई उन्हें ढूंढ रहा था। मौत की खबरें रोज अखबारे भर रही थी मेरा बच्चा भी कमाने शहर गया है, मां यह सोच कर डर रही थी सब कुछ थम सा गया था, जैसे (pubg) का फाइनल जॉन चल रहा था सब गाने वाने छोड़कर मोबाइल पर जान बचाने का रिंगटोन चल रहा था। काम धंधा सब बंद, जवान बेटा फिर बाप के पैसों पर पल रहा था, लाचारी की हद तो देखो देश का गुजारा भी शराब बेचकर चल रहा था । हर किसी का रोज पेपर इम्तिहान रोज आउट ऑफ सिलेबस चल रहा था, सब झक्छोर कर रख दिया जिससे, ऐसा मौत का गेम चल रहा था।

नैंसी शर्मा
शास्त्री प्रथम वर्ष

हास्य कविता

ज्ञान बिक गये, ध्यान बिक गये
कलम बिकी, सम्मान बिक गये।
छोटी- छोटी सुविधाओं पर,
बड़े-बड़े ईमान बिक गये।
सोच समझ कर मुँह से बोलो,
दीवारों के कान बिक गये।
उनसे पूछ जिंदगी क्या है,
जिनके सब अरमान बिक गये।
नग्न रह गई जीवित लाशें,
मुर्दो के परिधान बिक गये।
चोरों को मत दोष दीजिये,
घर के ही दरबान बिक गये
पशुओं की कीमत लगती है,
बिना मूल्य इंसान बिक गये।

दिनिशा
प्रथम वर्ष

दादा दादी और पोता पोती के बीच संबंध

पहले के समय में बच्चों को उनके दादा-दादी के साथ समय व्यतीत करने का काफी मौका मिलता था परंतु अब अलग परिवार बसाने की बढ़ती प्रणाली के प्रवृत्ति के कारण एक दूसरे से कम ही मिल पाते हैं जहां तक माता-पिता की बात है तो वे कई निजी और व्यवसायिक प्रतिबद्धताओं के कारण अपने बच्चों को दादा-दादी के पास ले जाने का प्रयास में नहीं बचा पाते हैं और उन्हें किसी भी हाल में एक दूसरे के साथ समय व्यतीत करने के लिए कोशिश करनी होगी।

दादा-दादी परिवार की जड़ के रूम में जाने जाते हैं अपने अनुभव और समझ की वजह से वह नई पीडिया को आगे बढ़ाने में उनकी मदद करने के लिए अपने जीवन के मूल्यवान सबको को साझा करते हैं।

वे अपने पोता पोती की खूब सेवा करते हैं और उन्हें बेहतर इंसान बनने की उनकी उम्मीद करते हैं संयुक्त परिवार में जब कोई बच्चा दादा-दादी, चाचा-चाचा और अपने भाई बहनों आदि लोगों के साथ रहता है तो वह सब के साथ किस तरह का व्यवहार करना चाहिए ऐसा उसे सीखने को मिलता है।

ऐसा बच्चों को शायद ही कभी लोगों के साथ रहने बातचीत करने में कठिनाई नहीं आती है बच्चे अकसर हमारी नकल करते हैं जब वह एक अलग विषय परिवार में रहते हैं तो वे अवसर माता या पिता की आदतों को सीख कर अलग तरीके से बर्ताव करना शुरू करते हैं भी अलग-अलग लोगों को संपर्क में आकर सीखते हैं कि कैसे एक कार्य को अलग-अलग तरीकों से किया जाता है और कैसे आंखें बंद करके एक रास्ते पर चलने की बजाय अपनी मनपसंद चुने।

जब घर में हम किसी भी प्रकार का जन्मदिन और त्योहार जैसे सभी विशेष अफसर को घर में एक साथ जातियों बनाते हैं तो वह आपके लिए और अभी विशेष हो जाते हैं।

दादा-दादी परिवार के लिए समर्थन के रूप में कार्य करते हैं। आप उन पर कभी भी भरोसा कर सकते हैं जैसे-जैसे वे बूढ़े हो जाते हैं तो उन्हें भी ध्यान और देखभाल की आवश्यकता होती है जिसे केवल संयुक्त परिवार में रहकर ही पूरा किया जा सकता है। बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए संयुक्त परिवार व्यवस्था सबसे अच्छी है, यद्यपि यह व्यवस्था धीरे-धीरे लुप्त होते जा रही है, पर कुछ लोग अब भी अकेले परिवार बढ़ाने के चालन की बजाय इसे पसंद करते हैं। दादा-दादी बना सभी और सबसे अच्छी भावनाओं से एक है। यह एक विशेष बंधन है जो दादा-दादी अपने पोता-पोती के साथ अपना बातें साझा करते हैं हमें अपने दादा-दादी के साथ रहना चाहिए तथा उनकी सेवा जरूर करनी चाहिए।।

जतिन शर्मा
प्राक शास्त्री प्रथम वर्ष

बेटी है अनमोल

प्यार का भंडार बेटियां, उम्मीद की किरण बेटियां
बाबुल का दुलार बेटियां, मां के संस्कार बेटियां
भाईयों का रक्षा बंधन बेटियां,
जोड़े जो कच्चे धागों को वो सौभाग्य बेटियां,
पाकर जिसे जगमगाए आंगन वह रत्न है बेटियां,
न जाने क्यों दुनिया के लिए फिर भी बोझ होती हैं बेटियां।

अदिती ठाकुर
प्राक् शास्त्री प्रथम वर्ष

बचपन

बचपन का जमाना था,
जिस में खुशियों का खजाना था
चाहत चाँद को पाने की थी,
पर दिल तितली का दीवाना था
खबर न थी कुछ सुबह की,
ना शाम का ठिकाना था
थक कर आना स्कूल से,
पर खेलने भी जाना था
माँ की कहानी थी,
परियों का फसाना था
बारिश में कागज की नाव थी,
हर मौसम सुहाना था
हर खेल में साथी थे,
हर रिश्ता निभाना था
गम की जुबान न होती थी,
न जख्मों का पैमाना था
रोने की वजह न थी,
न हँसने का बहाना था
क्यों हो गऐ हम इतने बडे,
इससे अच्छा तो वो बचपन का जमाना था।

दीक्षा मल्होत्रा
शास्त्री तृतीय वर्ष

परिश्रम

एक बार गिर जाने पर बार-बार उठो तुम,
जो कर सको उसे हज़ार बार करो तुम।
यदि कुछ कर जाने की चाह है तुम में,
उसे मेहनत और लगन से करो तुम।
कठिन परिस्थितियों में तुम अपने आप को अजमाना,
याद रह जाएगा तुम्हारा ये फसाना।
इरादे हो नेक तो तुम पा सकोगे मंजिल अपनी,
बुराई की राह में भरना पड़ता है हर्जाना।
यदि डगमगाने लगे कदम तुम्हारे सच्चाई की राह में,
अपनी ईमानदारी व खुद्दारी को अपने साथ चलाना।
कर्म करने के लिऐ हुआ है जन्म तुम्हारा।
इस बात को तुम अपने जीवन में कभी न भुलाना।

झेलम लता
शास्त्री तृतीय वर्ष

मां

खुदा का काम था मोहब्बत
वो भी मां करने लगी,
खुदा का काम था इबादत,
वो भी मां करने लगी,
खुदा का काम था हिफाज़त,
वो भी मां करने लगी,
देखते ही देखते खुदा के सामने
कोई और परवर-दिगार हो गया।
बहुत रोया, बहुत पछताया, क्योंकि मां को बनाकर
खुदा खुद बेरोजगार हो गया।

ज्योति ठाकुर
शास्त्री तृतीय वर्ष

मेरे प्यारे पापा

यूँ तो दुनिया के सारे गम
मैं हस के ढो लेती हूँ,
पर जब भी आपकी याद आती है
मैं अक्सर रो देती हूँ
मार-मार के पत्थर को
एक जौहरी हीरा बनाता है,
आपकी डांट का मतलब हमको
आज समझ में आता है।
हाँ मैं खुश थी उस बचपन में
जब आपके कंधे पर बैठी थी,
मगर बहुत रोयी थी जब
मेरे कंधे पर आप थे।
हर पल अहसास होता है
आप यहाँ ही हों जैसे,
काश ये हो जाये मुमकिन
मगर ये मुमकिन हो कैसे?
सुधार लूँ मैं गुस्ताखियाँ जिन्दगी की
अब गलती करने पर मुझे कहाँ कोई डांटता है,
अकेले ही जूझती हूँ अब मैं जिन्दगी से
आपकी तरह मेरे दर्द कहाँ कोई बांटता है।
कभी डर लगता था आपकी डांट से
आज आपकी ख़ामोशी मुझे सताती है,
मुझे मालूम है कि अब आप नहीं आने वाले
फिर भी आपकी यादें अक्सर मुझे रुलाती हैं।
किसी चीज की कमी न थी
आप थे तो दुनिया कितनी प्यारी थी
आज परिवार की जरूरतों में जिन्दगी कट रही है
तो अहसास होता है
आपके कन्धों पर जिम्मेवारी कितनी भारी थी।
कैसे चुकाऊंगी कर्ज उस पिता का इस जन्म में
जिनके बूढ़े हाथों ने मेरी तकदीर बनायी थी,
अपने जीवन के सारे रंग छोड़
मेरे भविष्य की सुनहरी तस्वीर बनायीं थी।
ये वादा है कि जब तक जी रही हूँ
आपके दिये संस्कारों पर चलना मेरा काम रहेगा,
हाँ मानती हूँ जिन्दगी में आपका साथ नहीं
मगर मरते दम तक मेरे नाम के साथ आपका नाम आएगा।

कवित्री
शास्त्री तृतीय वर्ष



पापा का प्यार

प्यार का सागर ले आते
फिर चाहे कुछ न कह पाते
बिन बोले ही समझ जाते
दुःख के हर कोने में
खड़ा उनको पहले से पाया
छोटी सी उंगली पकड़कर
चलना उन्होंने सिखाया
जीवन के हर पहलु को
अपने अनुभव से बताया
हर उलझन को उन्होंने
अपना दुःख समझ सुलझाया
दूर रहकर भी हमेशा
प्यार उन्होंने हम पर बरसाया
एक छोटी सी आहट से
मेरा साया पहचाना,
मेरी हर सिसकियों में
अपनी आँखों को भिगोया
आशिर्वाद उनका हमेशा हमने पाया
हर ख़ुशी को मेरी पहले उन्होंने जाना
असमंजस के पलों में,
अपना विश्वाश दिलाया
उनके इस विश्वास को
अपना आत्म विश्वास बनाया
ऐसे पिता के प्यार से
बड़ा कोई प्यार न पाया

रितिका देवी
शास्त्री अंतिम वर्ष

माँ

रिश्तों के तो नाम कई हैं, पर मां होना आसान नहीं है। अपना हर एक ख़्वाब भुलाकर, खुश रहना आसान नहीं है। एक एक काम है मां के ज़िम्मे, समय सारणी सख्त बड़ी है, पल पल काम में उलझे रहना, सच मानो आसान नहीं है। माना ये एहसान नहीं है, किसी पर इल्जाम नहीं है, पर अंतर्मन की अभिलाषा को भुला पाना आसान नहीं है। घर छोड़ो तो घर बिगड़ेगा, मन तोड़ो तो मन बिगड़ेगा, दोनों को समेट के चलना, ये भी तो आसान नहीं है। सबसे कठिन तो तब लगता है, जब कोई नहीं समझ पाया ये, कि कैसे मां ने पूरी की है, हर रिश्ते की जिम्मेदारी। काम कर के भी नाम ना मिलना, हक का वो सम्मान ना मिलना, हंसकर सब कुछ टालते रहना, बिलकुल भी आसान नहीं है।

सोहेल शास्त्री

सुक्षेत्र सुकेत गाथा

शुकदेव ऋषि की तपोभूमि, ये हमारे सुकेत का है सार।
बंगाल से आया सेनवंश का राजा,पहुंचा सरही धार।
रूपसेन के पुत्र वीरसेन ने, पांगणा में विजय पाई।
सुकेत रियासत के इतिहास में, पहली राजधानी कहलाई।
लक्ष्मन सेन ने आक्रमण करके, कुल्लू में जीत पाई थी।
साहू सेन के भाई ने, कुल्लू मंगलौर में रियासत बनाई थी।
1000 ई. में हुई मण्डीं की स्थापना, बाहूसेन की कहानी थी।
मदनसेन ने 1240ई. में, लोहारा को बदली राजधानी थी।
करतारसेन ने करतारपुर को अब राजधानी बनाया।
औरंगजेब ने श्यामसेन को, दिल्ली था बुलाया।
कैद श्यामसेन जब हुआ,तब स्मरण उसे मांहूनाग आया।
मुक्त हूआ कैद से श्यामसेन, मदिंर के नाम भूभाग कराया।
स्थापना हुई सुंदरनगर की,गरूड़सेन का शासन आया।
गरूड़सेन की पत्नि नें, सुरज कुंड का निर्माण कराया।
विक्रमसेन द्विवतीय ने बनेड़ को राजधानी बनाया।
1758 में जस्सा सिंह रामगढ़िया कब्जा करने आया।
रणजीत सेन ने देखा, जयसिंह के अधीन था शासन सारा।
रणजीत पुत्र विक्रमसेन ने, 'बंटवारा' में नरपत वजीर मारा।
1846 ई. में उग्रसेन ने युद्ध करके, सिख्खो पर विजय पाई।
ब्रिटिश अधीनता में अब, अंग्रेजो के हाथ रियासत थी आई।
अंतिम राजा सुकेत का, लक्ष्मण सेन कहलाया।
नवम्बर 1921 सुकेत, भारत सरकार के अधीन आया।
सुकेत की राजप्रथा अब, सरकारी स्वरूप में ढलने लगी।
सुकेत रियासत की शासनव्यवस्था, अब बदलने लगी।
फरवरी 1948 में सुकेत सत्याग्रह आंदोलन कराया।
पंडित पदम्देव ने आंदोलन से रियासतों को मिलाया।
अच्छे बुरे शासको से, हार-जीत का सिलसिला बन गया।
15 अप्रैल 1948 के दिन, मण्डीं सुकेत मिलकर जिला बन गया।।

कृष्ण चौहान
शास्त्री अंतिम वर्ष

गुरु

जीवन में जो राह दिखाए,
सही राह पर चलना सिखाए,
सत्य असत्य मे जो भेद बताए,
वही तो है गुरु कहलाए ।
गुरु है जीवन का आधार,
गुरु मे वसा है संसार,
गुरु नहीं है किसी की पूँजी,
गुरु पर है सभी का अधिकार।
संकट मे जो हंसना सिखाए,
अच्छे बुरे का ज्ञान कराए ,
जानवर इंसान मे भेद बताए,
वही तो है गुरु कहलाए।
जो धेर्यता का पाठ पढाए ,
परछाई बनकर जो साथ निभाए,
जिसे देख आदर से सर झुक जाए,
वही तो है गुरू कहलाए।

कल्पना ठाकुर
शास्त्री तृतीय वर्ष

चींटियों से मुलाक़ात

जब मैं सुबह उठा तो मेरे दोस्त मुझे स्कूल जाने के लिए बुला रहे थे। मैं रात को काफी लेट अपनी एक फेवरेट फिल्म देखकर सोया था। इसलिए सुबह लेट उठा। जब तैयार होने लगा तो मुझे मेरे जूते नहीं मिल रहे थे।

मैं उन्हें सब जगह ढूंढने लगा। घर के हर कोने, हर कमरे सब जगह उन्हें ढूंढा लेकिन वे नहीं मिले। जब मैं उन्हें ढूंढने बरामदे की तरफ गया तो मैंने देखा कि मेरे जूते चल रहे हैं। मैं यह सब देखकर बहुत हैरान था। वे आगे ही आगे बढ़ते जा रहे हैं। मैं फटाफट इन जूतों को पकड़ने के लिए जल्दी से दौड़ा। जैसे ही मैं उनके नजदीक पहुंचा तो मैंने देखा ये जूते चल नहीं रहे हैं बल्कि इन्हें खूब सारी चींटियाँ उठाकर ले जा रही थीं।

मैं उन चींटियों से अपने जूते मांगने लगा। लेकिन वे उन्हें देने से मना कर रही थीं। वे बिना रुके अब भी आगे ही बढ़ रही थीं। फिर मैंने उनसे पूछा कि तुम मेरे जूते क्यों ले जा रही हो ?

तो चीटियों ने कहा कि यही वे जूते हैं जिनसे तुमने कल हमारी दोस्तों को मारा था। हम अब इन जूतों को कहीं दूर फैंक आएँगे या फिर हम इन्हें अपने दोस्त चूहों से कुतरवा देंगी।

मैं उनसे माफी मांगता रहा। उनसे कहता रहा कि ये मेरे फेवरेट जूते हैं, तुम इन्हें मत ले जाओ। जब वे नहीं मानी तो मैं उनसे उन्हें छिनने लगा। पर चीटियां मुझे काटने को दौड़ी। मैंने उनसे एक बार फिर माफी मांगी। उनसे कहा कि मैं आगे से ऐसा कभी नहीं करूंगा। मैं किसी भी जीव-जंतु को नहीं मारूंगा। मुझे मेरी गलती के लिए माफ़ कर दें।

इस बार उन्होंने मेरी बात मान ली। मुझे मेरे जूते वापिस कर दिए। मुझे भी मेरी गलती का अहसास हो चुका था। वे अब जाने लगी थी। मैंने उन्हें एक मिनट रुकने के लिए कहा और फटाफट रसोई से उनके लिए चीनी लाने के लिए दौड़ा। जैसे ही मैं वापिस उनकी तरफ आ रहा था तो मुझे एकदम खूब शोर सुनाई देने लगा। इस शोर ने मुझे जगा दिया था।

मैं जब जागा तो कोई चींटियाँ-बिंटियाँ नहीं थीं। बस मेरी छोटी बहन अपने डॉगी को जोर-जोर से डांट रही थी। मुझे साफ़ समझ आ गया कि यह तो मेरा सपना ही था। मैं आज स्कूल जाने के लिए लेट हो गया था। लेकिन चाहे कुछ भी हो, इस सपने ने मुझे यह बात जरुर समझा दी थी कि कभी किसी भी जीव-जंतु को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। उन्हें भी दुःख होता है। वे भी हमारी हरकतों से परेशान होते हैं।

अंतरिक्ष
प्राक शास्त्री-द्वितीय वर्ष

अनमोल वचन

मन मिले जिससे - रिश्ता रखो उसी से
जहां कदर नहीं - वहां जाना नहीं
जो सुनता नहीं - उसे समझाना नहीं
जो पचता नहीं - वह खाना नहीं
जो सत्य पर भी रूठे - उसे मनाना नहीं
जो नजरों से गिर जाए - उसे उठाना नहीं
जीवन में तकलीफ आए तो - घबराना नहीं
मौसम की तरह जो बदलें - उन्हें जिंदगी में लाना नहीं..

सुनीती क्षत्राणी
शास्त्री अंतिम वर्ष

अंतरिक्ष



तेरा प्यार पाने के लिए
मैने कितना इंतजार किया
और उस इंतजार में मेने
कितनो से प्यार किया ।
नफ़रत न करना कभी हमसे , हम यह सह नहीं पाएंगे ,
बस एक बार कह देना की जरूरत नहीं तुम जैसे यारों की ...
आपकी कसम आपको पीटने आपके घर तक चले आएंगे ... ।।
लड़कियों से प्यार न करना क्योंकि,
दिखती है हीर की तरह, लगती है खीर की तरह
दिल में चुभती है तीर की तरह,
और छोड़ जाती है फकीर की तरह।
आपके आने से फूल गिर जाते है
चश्मा पहन के आया करे आप
क्योंकि गमले टूट जाते है।

रेन्द्र भारद्वाज
शास्त्री तृतीय वर्ष

शहीद जवान

बुझा है जिस आंगन का चिराग
उस घरों की दीवारें भी रोई थी
खोया है जिन मां ने बेटा अपना
वह मां उन दिनों कैसे सोई थी
कतरा-कतरा बहा था खून का तब
आखिर हिसाब देगा कौन अब
आखिर क्यों ना भड़के मेरे सीने में वह आग
आखिर कब तक रहेगा कोई मौन
तबाह किया जिन आतंकवादियों ने सीन
अब उनको उनकी औकात दिखानी थी
भूलना नहीं यह कर्ज देश के जवानों का
बात यह उनके घर में घुसकर सिखानी थी

रोहित शर्मा
प्राक शास्त्री-1

कुछ पल

शाम भी खास है वक्त भी खास है,
इसका तुझे भी एहसास है मुझे भी एहसास है।
और उस रब से क्या चाहिए
जब मैं तेरे साथ हूँ तू मेरे साथ है ।

***

वो गजल लिखते है और हम सुनते हैं
वो सब लिखते हैं और हम नासमझ खुद समझते है।

***

तू जो पास भी तो तेरी कद्र जरा कम थी
मेरी गलतियों का पता कैसे चलता
मुझे तुने कभी भिकायत ही नहीं की ।

***

जैसे फूलो को धागे में पिरो कर माला बनती है
वैसे ही शब्दों को एहसास में पिरो कर कविता बनती है
ठीक वैसे ही सपनो को मेहना में पिये कर कामयाबी मिलती है।

***

ये इनायते गजब की ये बला की मेहरबानी
मेरी खैरियत भी पूछी तो किसी और की जुवानी ।

***

दुनिया को लगते हैं बुरे अंदाज मेरे
लोग कहाँ जानते हैं गहरे राज मेरे ।

वो खुश हैं बिछड़ कर मुझ से
ऐ दुनिया बेवफा न कहे उसे ।

***

इस दिल में अरमान कोई रखना,
दुनिया की भीड़ में पहचान कोई रखना
अच्छे नहीं लगते जब रहते हो उदास,
इन लबों पर मुरकान वही रखना ।

***

आवारगी में हद से गुजर जाना चाहिए
लेकिन कभी कभार तो घर जाना चाहिए ।

***

घायल करके मुझे उसने पूछा करोगे
क्या मोहब्बत मुझसे,
लहु लहु था दिल मेरा,
मगर होठों ने कह बेइंतहा - बेइंतहा ।

***

इश्क में तेरा यकीन बनजाऊ,
दर्द में तेरा सुकूँ बन जाऊँ
तुम रखो कदम जहाँ खुदा करे
मैं वो जमीन बन बन जाऊँ ।

आकाश
शास्त्री द्वितीय वर्ष

माँ

अपने ही मन से न जाने कितनी कहानियां बनाती थी
माँ !!
हां माँ, वो माँ, जो भगवान है मेरी !
हां वो माँ, जिसकी छत्रछाया में मैंने हमेशा अपने आपको
महफूज पाया है !!
हां वो माँ जिसको मेरी हरदम चिंता सताती है !
मेरे थोड़े से दु:खी होने पर वो खाना नही खाती है !!
हां वो माँ जिसके होने से आज मेरा वजूद है !
हां वो माँ जिसके आचल की खुसबू घूली है !!
आज भी मेरे सांसो में !
मुझे थोड़ी सी चोट लगती है मैं माँ को ही पुकारती हूं क्योंकि ?
मेरे खून के कतरे-कतरे में माँ ही है कोई और नही !!
आई लव यू "माँ आई मिस यू माँ' ....

मोनिका यादव
शास्त्री अंतिम वर्ष

श्री कृष्ण जी कहते हैं कि

बस कर्म तुम्हारा कल होगा,और कर्म अगर सच्चा है।
तो कर्म कहा निष्फल होगा,हर एक संकट का हल होगा।
वह आज नहीं तो कल होगा।
लोहा जितना तपता है, उतना ही ताकत भरता है ।
सोने को जितनी आग लगे, वह उतना प्रखर निखरता है।
हीरे पर जितनी धार लगे, वह उतना खूब चमकता है ।
मिट्टी का बर्तन जब पकता है, तब धुन पर खुब खनकता है। सूरज जैसा बनना है, तो सूरज जितना जलना होगा।
नदियों सा आदर पाना है, तो पर्वत छोड़ निकलना होगा।
और हम आदम के बेटे हैं, क्यों सोचे राह सरल होगा ।
कुछ ज्यादा वक्त लगेगा पर, संघर्ष जरुर सफल होगा।
हर संकट का हल होगा, वह आज नहीं तो कल होगा।

तिनिशा
शास्त्री प्रथम वर्ष

जीवन का लक्ष्य कर साकार

पानी हैं अगर तुझे अपनी मंजिल
तो अपना रास्ता खुद ही तलाश कर
तुमे गिराने के लिए लोग कोशिश करेगें हजार
कभी डराएंगे कभी रुलायेंगे
नहीं- थामेगा कोई हाथ तेरा
बस खुद के ही साथ की आस कर
मुश्किलें आएंगी कई बार
पर तुझे रुकना नहीं, झुकना नहीं हैं
हर इम्तेहान को हिम्मत से करना है पार
दृढ इरादे मजबूत इच्छाशक्ति के आगे
नहीं है कोई मंजिल दुश्वार
जो खुद का साथ कभी नही छोड़ता
उसका सदा साथ देता है परवरदिगार
बढ़ते चले जाना है बिना रुके लक्ष्य तक
मौका नहीं मिलेगा ऐसा हर बार इसलिए
जाने नहीं देना है जीवन को व्यर्थ इस बार

सुशील कुमार
शास्त्री द्वितीय वर्ष

जीवन की बहार

जब से देखा है मैंने तुम्हें इस कदर से, तो आई बहारे हैं जीवन में मेरे। दुआ ये करूँ उस रब से मैं हर पल, तू मेरा साथ दे मैं रहूँ साथ तेरे॥

सरोवर के तट पर खिले ब्रह्म कमल उन नीरज के जैसी ये आँखें तुम्हारी। कनक वर्ण और सूर्य-सा तेज मुख पर, है मीठे सुधा रस-सी बातें तुम्हारी।जो चढ़ती जवानी का ढलता सितम है, ये मदहोश कर 'दे "ना दिल को हमारे।

मैं कुसुम हूँ कमल का प्रभाकर हो तुम, मेरा खिलना तुम्हारे ही खिलने से होता। मैं हूँ मत्स्य चञ्चल तो तुम नीर हो,' मेरा होना तुम्हारे ही होने से होता। मेरे यार भी तुम मेरा प्यार भी तुम, अन्धेरे में रौशन तुम दीपक हो मेरे।

